## समाचार

# एन.टी.पी.सी. व विद्युत उत्पादन कम्पनी के प्लांट में किया गया एस.ओ.पी. का निरीक्षण

कोरबा 26 मार्च 2021 –कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के निर्देश पर नगर निगम के अमले द्वारा आज एन.टी.पी.सी. एवं सी.एस.पी.जी.सी.एल. वेस्ट के प्लांटों में कोविड–19 प्रोटोकाल के संबंध में निर्धारित स्टैंड्र्ड आपरेशन प्रोसिजर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुरूप पायी गई।

कारखानों, प्लांटों में अधिकारी कर्मचारियों के कार्य स्थल पर पहुंचने के दौरान गेट पर कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुरूप संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं रखी गई है या नहीं, निर्धारित एस.ओ.पी. स्टैण्ड्र्ड आपरेशन प्रोसिजर का पूर्णतः पालन किया जा रहा है या नहीं, का निरीक्षण किए जाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के द्वारा प्रदान किए गए हैं। आज आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के निर्देश पर निगम के दर्री जोन कमिश्नर श्री ए.के.शर्मा ने अपने मातहत अधिकारियों के साथ एन.टी.पी.सी.गेट–1 एवं गेट–2 तथा सी.एस.पी.जी.सी.एल. वेस्ट में पहुंचकर एस.ओ.पी. का निरीक्षण किया तथा पाया गया कि निर्धारित एस.ओ.पी. के अनुसार व्यवस्थाएं रखी गई है, प्लांट में पहुंचने वाले अधिकारी कर्मचारियों, कामगारों के हाथ धोने की उचित व्यवस्था, सेनेटाईजर की व्यवस्था, थर्मल स्कैनर सहित अन्य व्यवस्थाएं निर्धारित मानक के अनुरूप की गई हैं।